पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्राविधिक विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन स्वागत योग्य एवं प्रशंसनीय है - राज्यपाल

लखनऊ: 1 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को पत्र लिखकर कहा है कि उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय का नामकरण पूर्व राष्ट्रपति स्मृतिशेष डाॅ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के नाम पर किये जाने का निर्णय प्रशंसनीय एवं स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन करते हुए कहा कि उन्हें आशा है कि विधान सभा आगामी सत्र में उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन के संबंध में सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए इस निर्णय को क्रियान्ववित कराने की सभी कार्यवाही पूरी कर ली जायेगी।

श्री नाईक ने यह भी कहा है कि स्व0 डाॅ0 कलाम एक महान विचारक, प्रख्यात वैज्ञानिक एवं मानवतावादी व्यक्ति थे। उक्त विश्वविद्यालय उनके सिद्धान्तों के अनुरूप अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करें इसके लिए यह जरूरी होगा कि विश्वविद्यालय में समुचित प्रशासनिक व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी राजकीय संस्थानों में भी समुचित अवस्थापना सुविधाएं एवं शिक्षकों की व्यवस्था रहे ताकि अध्ययन-अध्यापन एवं शोध की दिशा में यह तीव्र गति से कार्य करते हुए नये मानदंड स्थापित कर सके।